सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 40 | इंदौर, शनिवार 23 अगस्त, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

### उज्जैन में धार्मिक नारेबाजी से भड़का विवाद

## दो पक्षों में पत्थरबाजी और तलवारबाजी में 4 घायल एक गंभीर, 8 हिरासत में



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** महाकाल की नगरी उज्जैन के मक्सी रोड स्थित पांड्या खेड़ी क्षेत्र में शुक्रवार की रात भारी बवाल हो गया। दो पक्षों के बीच धार्मिक नारेबाजी को लेकर खूनी संघर्ष देखने को मिला। देखते ही देखते भीड़ इकट्ठी हो गई और दोनों ओर से जमकर पत्थरबाजी शुरू हो गई। इस दौरान नारायण सिंह नामक युवक पर तलवार से हमला किया गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ ही झगड़े में तीन अन्य लोग भी चोटिल हुए हैं। इलाके में फैले तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार विवाद एक पक्ष के धार्मिक नारा लगाने के बाद शुरू हुआ। इसके बाद इलाके में तनाव फैल गया और दोनों पक्ष के लोग सामने सामने आ गए। दरअसल, नारायण सिंह ने धार्मिक नारा लगाया था, जिस पर कुछ युवक आपत्ति जताते हुए लाठी, चाकू और तलवार लेकर उसके घर पहुंचे और हमला कर दिया। इसके बाद भीड़ जमा हो गई और पत्थर चलने लगे।

### बचाने आई महिलाों पर हमला

धार्मिक नारे से गुस्साए लोग युवक के घर हथियार लेकर हमला करने पहुंचे थे। जब घर की महिलाओं ने युवक को बचाने की कोशिश की तो उनके साथ भी मारपीट की गई। घटना की खबर फैलते ही हिंदूवादी संगठन के सदस्य मौके पर पहुंच गए, जिसके चलते तनाव और बढ़ गया।

### पुलिस ने संभाला मोर्चा

स्थिति बिगड़ने पर पुलिस बल और आरएएफ की टुकड़ी को मौके पर तैनात किया गया। एडिशनल एसपी नितेश भार्गव और सीएसपी पुष्पा प्रजापति के नेतृत्व में दो थानों की पुलिस ने हालात काबू में किए। मामले को शांत कराने के साथ ही पुलिस ने आठ लोगों को हिरासत में लिया है। साथ ही अन्य संदिग्धों की तलाश की जा रही है। फरियादी पक्ष ने थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज करवाई है। फिलहाल इलाके में शांति बनी हुई है। हालांकि एहतियात के तौर पर पुलिस की तैनाती जारी है।

### एमपी माइनिंग कॉन्क्लेव 2.0 आज कटनी में

# सीएम बोले-निवेशकों को कराएंगे खनिज संपदा और नीतियों से अवगत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, (एजेंसी) मध्य प्रदेश माइनिंग कॉन्क्लेव 2.0 का आयोजन शनिवार को कटनी में किया जा रहा है। इस बड़े आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मौजूद रहेंगे। कॉन्क्लेव का फोकस क्षेत्र कोयला एवं ऊर्जा, हाइड्रोकार्बन, तकनीकी प्रगति, महत्वपूर्ण खनिज (क्रिटिकल मिनरल्स), चूना पत्थर और सीमेंट उद्योग होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश खनन और खनिज संसाधनों के क्षेत्र में तेजी से उभर रहा है। खनिज संपदा की प्रचुरता और निवेश अनुकूल नीतियों के कारण प्रदेश देश की औद्योगिक प्रगति में अहम भूमिका निभा रहा है। यह क्षेत्र न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत मिशन को भी बल देगा।**

### दो हजार से अधिक प्रतिभागी

कॉन्क्लेव में लगभग 2 हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। इनमें देशभर के निवेशक, उद्योगपति और विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव निवेशकों और विशेषज्ञों से वन-टू-वन चर्चा करेंगे। खनिज और माइनिंग सेक्टर से जुड़े विभिन्न सत्रों में विस्तार से चर्चा होगी। कॉन्क्लेव स्थल पर मध्यप्रदेश की खनिज संपदा को प्रदर्शित करने के लिए विशेष



प्रदर्शनी लगाई जा रही है। प्रदेश का राष्ट्रीय खनिज उत्पादन में बड़ा योगदान है। इसमें 73% तांबा, 29% रॉक फॉस्फेट, 26% मैंगनीज, 9% चूना पत्थर, 8% कोयला, 3% बॉक्साइट, 1% लौह अयस्क का उत्पादन होता हैं।

### देश के बड़े उद्यमी होंगे शामिल

कॉन्क्लेव में कई बड़े उद्योग समूहों और संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इनमें जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, इंडियन ब्यूरो ऑफ माइंस, एचसीएल, सीआईएल, एसईसीएल, आई-एनर्जी, अदाणी सीमेंट, आर्सेलर मित्तल सहित कई नामी कंपनियों और विशेषज्ञों के अधिकारी मौजूद रहेंगे। कॉन्क्लेव खनिज कंपनियों, उद्योग प्रतिनिधियों और अन्य हितधारकों को एक साझा मंच प्रदान करेगा। यहां निवेश, सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देने पर जोर रहेगा। चर्चा में कोयला, चूना पत्थर, तेल और गैस सहित महत्वपूर्ण खनिजों की संभावनाओं पर बात होगी। विशेष ध्यान डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, ऊर्जा सुरक्षा और स्थिरता पर रहेगा। खनन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), मशीन लर्निंग और ऑटोमेशन की भूमिका पर भी विचार होगा। कोल गैस (सीबीएम) जैसे वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों पर भी चर्चा की जाएगी।

### कई महत्वपूर्ण एमओयू होंगे साइन

इस आयोजन में कई महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों (MoU) पर हस्ताक्षर होंगे। इसमें कोल इंडिया लिमिटेड, मध्य प्रदेश शासन और राज्य खनिज निगम के बीच क्रिटिकल मिनरल और अन्य खनिजों के अन्वेषण के लिए। मध्य प्रदेश शासन, राज्य खनिज निगम और टेक्समिन के बीच सहयोग समझौता। राज्य खनिज निगम और आईआईएसईआर भोपाल के बीच समझौता। ये एमओयू भारत की खनिज अन्वेषण महत्वाकांक्षाओं को मजबूती देंगे और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देंगे। मध्य प्रदेश में अक्टूबर 2024 में भोपाल में आयोजित पहली माइनिंग कॉन्क्लेव में 19,650 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। इस बार भी प्रदेश सरकार को बड़े निवेश की उम्मीद है।

# प्रदेश का सबसे लंबा फ्लाईओवर आज जनता को समर्पित करेंगे केंद्रीय मंत्री गडकरी

**जबलपुर, एजेंसी। प्रदेश के सबसे बड़े फ्लाईओवर का लोकार्पण केन्द्रीय मंत्री सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के द्वारा आज 23 अगस्त को किया जाएगा। लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन मदन महल चौक में किया गया है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव करेंगे। लोकार्पण समारोह की सभी तैयारिया लगभग पूर्ण कर ली गई हैं।**

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का विशेष विमान से शनिवार 23 अगस्त को सुबह 11.25 डुमना विमानतल पर आगमन होगा। वह सडक मार्ग से दोपहर 12 बजे महन महन चौक में पहुंचकर मदनमहल-दमोहनाका



फ्लाईओवर के लोकार्पण समारोह में शामिल होंगे। इसके अलावा वह राजमार्ग परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे।

लोकार्पण कार्यक्रम के सभी तैयारियां जिला प्रशासन व विभाग के द्वारा पूरी कर ली गई है। प्रदेश सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री स्थानीय विधायक ने दो दिन प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों के साथ नवनिर्मित प्रदेश के सबसे लंबे फ्लाईओवर का निरीक्षण किया था। केन्द्रीय मंत्री के आगमन तथा लोकार्पण कार्यक्रम के मद्देनजर पुलिस विभाग के द्वारा भी चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। इसके लिए कुछ मार्गों में यातायात प्रतिबंधित कर दिया गया है।

### स्वागत में लगे बैनर पोस्टर

केन्द्रीय मंत्री के नगरागमन में कारण स्थानीय भाजपा नेताओ में उत्साह है। प्रदेश के सबसे लंबे फ्लाईओवर के लिए उन्हें धन्यवाद देते हुए सड़कों में उसके समर्थन में बैनर-पोस्टर लगाए गए हैं। केन्द्रीय मंत्री का काफिला जिन मार्ग से गुजरेगा तथा कार्यक्रम स्थल पर पूरी तरह से बैनर पोस्टर से पटे हुए हैं।

### नीचे बने हैं पार्क, ओपन जिम तथा बास्केटबॉल कोर्ट

फ्लाईओवर के नीचे सार्वजनिक उपयोग के लिए बच्चों के पार्क, ओपन जिम तथा बास्केटबॉल कोर्ट भी बनाए गए हैं। इसके अलावा पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए फ्लाईओवर के नीचे 50 हजार पौधे का रोपण किया गया है। फ्लाईओवर निर्माण में बच्चों के मनोरंजन, लोगों के स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण का भी विशेष ध्यान रखा गया है।

# खजराना गणेश को लगेगा सवा लाख मोदक का भोग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के खजराना गणेश मंदिर में गणेश चतुर्थी की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो चुकी हैं। इस बार बप्पा को सवा लाख मोदक का भोग लगाया जाएगा। इसके लिए मंदिर में मोदक बनाने का काम शुरू हो चुका है, जो लगातार 6 दिनों तक चलेगा।**



श्री सिद्धि विनायक भक्त मंडल की ओर से तैयार किए जा रहे इन मोदकों के लिए पहले ही मंदिर में भट्टी पूजन किया जा चुका है। मंडल के अरविंद बागड़ी और कैलाश पंच ने बताया कि खेमजी महाराज और उनके 30 सहयोगी 10 सुपर पट्टियों पर दिन-रात मोदक बनाने में जुटे हैं। यह काम 26 अगस्त की रात तक चलेगा। मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर आशीष सिंह और मंदिर प्रशासक एवं निगमायुक्त शिवम वर्मा 27 अगस्त की सुबह 10 बजे ध्वजा पूजन करेंगे। इसके बाद खजराना गणेशजी को सवा लाख मोदक का भोग लगाया जाएगा। भक्त मंडल के सदस्यों ने बताया कि सवा लाख मोदक तैयार करने में 1100 किलो मैदा, 40 टीन शुद्ध घी, 500 किलो सफेद गुड़, 400 किलो सफेद तिल्ली, 400 किलो मूंगफली दाने और 40 किलो खोपरा बूरा का उपयोग किया जा रहा है। मोदक बनने के बाद इन्हें 50 बड़ी परातों और 100 ट्रे की मदद से मंदिर में आने वाले भक्तों में प्रसाद के रूप में वितरित किया जाएगा। ध्वजा पूजन के बाद कलेक्टर, निगमायुक्त और अन्य अतिथि भक्तों को प्रसाद वितरित करेंगे।



## पुण्यश्लोका देवी अहिल्या बाई होल्कर की पुण्यतिथि पर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** देवी अहिल्या बाई होल्कर की 230 वी पुण्यतिथि के अवसर पर संस्था 'आदित्य'के संयोजक सचिन नीमा ने राजवाड़ा पर उनकी प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी ।इस अवसर पर विनोद निगम,अमर गोमे,भरत राठौर, सुरेश जैन, मनीष शिंदे,अजय सिसोदिया, रवि खिंची आदि उपस्थित थे।

जनसमस्याओं और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को उजागर करने वाले साहसी, कर्मठ साथियो की दैनिक अखबार और न्यूज़ चैनल में आवश्यकता है...जो लेखनी और भाषा का दक्ष हो।
इच्छुक व्यक्तित्व संपर्क करें -
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

YouTube Detective Group Report
SUBSCRIBE

समाचार और विज्ञापन के लिए संपर्क करें
+91 9111156060



# व्यापारी का सोना लेकर भागा आरोपी हिरासत में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। अहमदाबाद के व्यापारी का 4 करोड़ 80 लाख रुपए से अधिक का सोना लेकर फरार हुए कार ड्राइवर मसरू रबारी को इंदौर क्राइम ब्रांच की टीम ने गुजरात-राजस्थान की बॉर्डर से हिरासत में लिया है। उसके एक रिश्तेदार को भी पकड़ा है, जो सोना छिपाने में उसकी मदद कर रहा था। आरोपी से 8 किलो 800 ग्राम सोना जब्त कर लिया है। आरोपियों ने एक कार खरीदी और उसकी सीट में सोना छिपाकर रखा था। वे कार में ही सोते थे। क्राइम ब्रांच आरोपी से पूछताछ कर रही है।

अहमदाबाद में 'अंकित गोल्ड ज्वेलरी' नाम से दुकान चलाने वाले धर्मेंद्र भाई ने जुलाई में क्राइम ब्रांच में ड्राइवर के खिलाफ सोना चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 8 जुलाई को एक कर्मचारी सौरभ को 4 किलो 800 ग्राम सोना लेकर भेजा था। सौरभ ने ड्राइवर मसरू रबारी के साथ कार में जेवर लेकर अहमदाबाद से इंदौर के लिए सफर शुरू किया। उन्हें इंदौर के सोना-चांदी व्यापारियों को जेवर दिखाने थे। सौरभ ने रास्ते में लुनावाड़ा और संतरामपुर में व्यापारियों को माल दिखाया और फिर झाबुआ होते हुए देर शाम इंदौर पहुंचे। धर्मेंद्र भाई सोने-चांदी के थोक व्यापारी हैं और छोटे व्यापारियों को ज्वेलरी बेचते हैं। आरोपी मसरू रबारी सोना लेकर भाग तो गया, पर मोबाइल के माध्यम से अपने रिश्तेदारों के संपर्क में था। क्राइम ब्रांच की साइबर टीम ने रिश्तेदार को डिटेक्ट किया और उस तक पहुंच गई। आरोपी बनासकांठा गुजरात का रहने वाला है। मीडिया में खबरें आने के कारण आरोपियों ने सोने का सौदा नहीं किया। उन्होंने एक कार खरीद ली, जिसकी सीट में सोना छिपाकर रखा था। वे कार को कभी नहीं छोड़ते थे। यहां तक कि रात में कार में ही सोते थे। आरोपी मामला ठंडा होने का इंतजार कर रहे थे। यह भी बताया जा रहा है कि चोरी हुआ सोना 5 किलो से ज्यादा है। इसमें कुछ सोने का बिल भी नहीं है। इंदौर में गंगवाल बस स्टैंड के पास स्थित होटल शिवानी में रात रुकने का फैसला किया गया। कीमती जेवर होने के कारण ड्राइवर को गाड़ी के पास ही रुकने को कहा गया, जबकि कर्मचारी सौरभ शेविंग के लिए चला गया। लौटकर आने पर देखा कि ड्राइवर गायब है। कॉल करने पर ड्राइवर का मोबाइल बंद मिला। ड्राइवर के गायब होने की सूचना कर्मचारी सौरभ ने तुरंत मालिक धर्मेंद्र भाई को दी। इसके बाद व्यापारी ने स्थानीय पुलिस को जानकारी दी। करीब 12 दिन तक अपने स्तर पर तलाश करने के बाद व्यापारी क्राइम ब्रांच पहुंचे और ड्राइवर मसरू रबारी के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कराया।






# थाईलैंड से लाए गए विदेशी गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, भोपाल और बेंगलुरू में DRI की कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) द्वारा भोपाल में एमडी ड्रग्स बनाने की अवैध फैक्ट्री का खुलासा करने के चार दिन बाद ही विदेश से तस्करी कर भारत लाए गए विदेशी गांजे हाइड्रोपोनिक वीड की बड़ी खेप पकड़ी है। दिल्ली से पकड़े गए एक अंतरराष्ट्रीय तस्कर से मिले इनपुट के बाद डीआरआई ने भोपाल और बेंगलुरू रेलवे स्टेशन पर एक साथ छापामार कार्रवाई करते हुए ट्रेन यात्रियों के पास से अवैध मादक पदार्थ जब्त किया गया है। भोपाल और बेंगलुरू में पकड़े इस विदेशी गांजे (हाइड्रोपोनिक वीड) को थाईलैंड से तस्करी कर 19 अगस्त को ही भारत लाया गया था।

डीआरआई थाईलैंड से आए व्यक्ति के बेंगलुरू एयरपोर्ट पहुंचते ही जाल बिछाना शुरू कर दिया था। इसके बाद उसने भारत में युवाओं, कॉलेज के छात्र-छात्राओं को खपाने के लिए इस विदेशी ड्रग्स को जैसे ही खेप सौंपी टीम सक्रिय हो गई। डीआरआई की एक टीम ने बेंगलुरू के क्रांतिवीर सोगोली रायन्ना रेलवे स्टेशन से दिल्ली जाने वाली ट्रेन में सवार दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पपास से 29.88 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद हुआ। इसके साथ ही उसी ट्रेन में सवार होकर नई दिल्ली जा रहे दो अन्य तस्करों को भोपाल रेलवे स्टेशन पर पकड़ा और उनके पास से 24.186 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मादक पदार्थ बरामद किया गया।

### पानी में उगता है हाइड्रोपोनिक वीड

हाइड्रोपोनिक वीड एक प्रकार का गांजा है। जो भारत में नहीं उगाया जाता, क्योंकि भारत सरकार ने इसे मानव जाति के लिए अत्यधिक खतरनाक मानते हुए देश में प्रतिबंधित कर रखा है। हाइड्रोपोनिक वीड का भारत में उपयोग करना, उगाना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। यह पानी में उगाया जाने वाला मादक पदार्थ है। इसे समुद्र के बीच में या बड़े तालाबों में बिना मिट्टी की सहायता के उगाया जाता है। युवाओं में इसके बढ़ते क्रेज के कारण बैंकॉक और थाईलैंड के जरिए तस्करी कर भारत लाया जाता है।

### दिल्ली में पकड़ाया भारत में नेटवर्क चलाने वाला तस्कर

हाइड्रोपोनिक वीड को भारत में तस्करी करने वाले अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्कर को डीआरआई ने एक दिन पहले ही दिल्ली से पकड़ा था। यह एक अन्य अंतरराष्ट्रीय तस्कर का सहयोगी मास्टरमाइंड है। दिल्ली से पकड़ाया युवक ही भारत के राज्यों और शहरों में हाइड्रोपोनिक वीड की तस्करी करा रहा था। दिल्ली में पकड़ाए युवक के पास से एक करोड़ से अधिक का मादक पदार्थ डीआरआई द्वारा जब्त किया जा चुका है। 20 अगस्त को थाईलैंड से बेंगलुरू आए एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार कर उसके पास से 17.958 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मादक पदार्थ बरामद किया गया था।


डीआरआई द्वारा 'वीड आउट' नाम से एक अभियान चलाकर भोपाल, बेंगलुरु और दिल्ली से कुल पांच तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए तस्करों के पास से 72 किलोग्राम से अधिक हाइड्रोपोनिक वीड जब्त किया गया है।



## संपादकीय

### चीनी एफडीआई पर नियंत्रण की समीक्षा

अमेरिकी टैरिफ वॉर के बीच भारत और चीन एक दूसरे के करीब आ रहे हैं। चीनी विदेश मंत्री की भारत यात्रा के बाद अब पीएम मोदी के चीन दौरे की आधिकारिक घोषणा भी हो चुकी है। पीएम मोदी एससीओ समिट में हिस्सा लेने चीन जा रहे हैं। वहीं, दोनों देशों के बदलते संबंधों का असर व्यापार के मोर्चे पर भी देखने को मिलने के संकेत मिलने लगे हैं। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि अगर हालात की मांग हुई तो चीनी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) पर नियंत्रण की समीक्षा पर विचार किया जा सकता है। इकोनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम में बोलते हुए, गोयल ने बताया कि प्रेस नोट 3, जिसने भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों से स्वचालित एफडीआई अनुमोदन को समाप्त कर दिया, कोविड संकट के दौरान गिरते मूल्यांकन के बीच रणनीतिक क्षेत्रों में भारतीय स्वामित्व सुनिश्चित करने के लिए जारी किया गया था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह कहीं से भी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर प्रतिबंध नहीं लगाता। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि हम केवल एक सतर्क दृष्टिकोण अपनाते हैं और पूर्व-अनुमोदन होता है। हमने कई कंपनियों को मंजूरी दी है... जहां भी हमें लगता है कि उद्योग, तकनीक या सप्लाई भारत के दृष्टिकोण के अनुरुप है, हम नियमित रुप से मंज़ूरी देते रहे हैं। यही प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी। जब समय बदलता है, परिस्थितियां बदलती हैं, तो समय के अनुरुप निर्णय लिए जा सकते हैं। उन्होंने चीन के साथ वीजा और उड़ान प्रतिबंधों में हाल ही में ढील के बाद मानदंडों की संभावित समीक्षा पर एक सवाल का जवाब देते हुए ये बातें कहीं। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस बदलाव को अमेरिका के साथ हाल के तनाव से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार अमेरिकी टैरिफ से प्रभावित क्षेत्रों में घरेलू मांग बढ़ाने पर विचार कर रही है, जिसमें खाद्य प्रसंस्करण और कपड़ा जैसे श्रम-प्रधान उद्योगों में जीएसटी में कटौती भी शामिल है। अमेरिकी टैरिफ से प्रभावित निर्यातकों को राहत के बारे में पूछे जाने पर, गोयल ने कहा कि उन्होंने कुछ कंपनियों से स्टॉक जुटाने के लिए बात की है। वहीं, मंत्रालय व्यापार को बढ़ावा देने की व्यवस्था पर काम कर रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कि अमेरिका एक महत्वपूर्ण साझेदार बना हुआ है, कहा, हमारे सामने कई काम हैं, जिनमें से यह एक ऐसा मुद्दा है जिस पर हम खुले मन, सकारात्मक दृष्टिकोण और इस विश्वास के साथ विचार कर रहे हैं कि भारत-अमेरिका संबंध दोनों देशों के लिए बहुत महत्वपूर्ण और महत्वपूर्ण हैं।




## OSHO कहिन



**"आप जिस प्रकार के विचारों का पोषण करेंगे, वैसे ही बन जाएंगे।"**


# ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक
## सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें

"एक सलाहकार और शुभचिंतक"

आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।

- कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -

*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*

*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*

*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*

इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।

कृपया अपनी जिज्ञासा/सलाह हेतु संपर्क करे।

Email - babapandit.in@gmail.com

Bihar

# काले धन का कुबेर निकला बिहार का इंजीनियर छापा पड़ा तो फूंक दिए 2 से 3 करोड़ रुपये कैश

**पटना, (एजेंसी)** बिहार का एक सरकारी इंजीनियर काले धन का कुबेर निकला। उसके घर छापा पड़ा तो पकड़े जाने के डर से रात भर बैठकर 2 से 3 करोड़ रुपये को स्वाहा कर दिया। इतने नोट जलाने के बावजूद आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने इंजीनियर के घर से 39 लाख रुपये कैश बरामद किए। कालेधन के कुबेर का नाम विनोद राय है। वह ग्रामीण कार्य विभाग में अधीक्षण अभियंता के पद पर तैनात हैं। पुलिस ने विनोद और उनकी पत्नी को नोट जलाने और सबूत मिटाकर सरकारी काम में बाधा डालने के आरोपों में गिरफ्तार कर लिया है। इंजीनियर के खिलाफ भ्रष्टाचार का अलग से मामला चलाया जाएगा।

जानकारी के अनुसार, इंजीनियर विनोद राय बीते गुरुवार की रात सीतामढ़ी से नोटों का जखीरा लेकर पटना के लिए चले थे। इसकी भनक ईओयू को लग गई। रात में ही ईओयू की टीम उनके पटना स्थित आवास पर पहुंच गई। हालांकि, इससे पहले इंजीनियर सारा पैसा पटना आवास पहुंचा दिया था। जब ईओयू की टीम रेड मारने पहुंची तो इंजीनियर की पत्नी दीवार बनकर घर के नीचे खड़ी हो गई। उन्होंने ईओयू टीम से कहा कि वह घर में अकेली है। ऐसे में मजबूरन छापेमारी टीम को सुबह होने का इंतजार करना पड़ा। दूसरी ओर, ऊपर के कमरे में इंजीनियर साहब पूरी रात नोट जलाते रहे। जलाते-जलाते थक गए, फिर भी 3950 लाख रुपये बच गए। शुक्रवार सुबह ईओयू की टीम ने घर में दबिश दी तो पानी की टंकी से यह कैश बरामद हुआ। टीम को घर से लगभग साढ़े 12 लाख रुपये के अधजले नोट और बाथरूम के पाइप से भारी मात्रा में भरा जले नोटों का मलबा भी मिला है।



Punjab

## LPG टैंकर में हुए धमाके की चपेट में आया पंजाब का गांव, दो जिंदा जले, 30 से ज्यादा झुलसे

**होशियारपुर, मोनी देवी, (एजेंसी)** पंजाब के होशियारपुर में शुक्रवार देर रात ट्रक के टक्कर मारने के बाद एलपीजी से भरे टैंकर में ब्लास्ट हो गया। गैस के रिसाव की वजह से आग ने आसपास के इलाके को अपनी चपेट में ले लिया। इसमें 15 दुकानें और 4 घर जल गए। इस भयानक हादसे में दो लोग जिंदा जल गए और 30 से ज्यादा लोग बुरी तरह झुलस गए हैं। घायलों को होशियारपुर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एहतियात के तौर पर होशियारपुर-जालंधर नेशनल हाईवे को बंद कर दिया गया है और एक किलोमीटर का एरिया खाली कराते हुए लोगों को वहां से हटा दिया गया। घटना से लोगों में दहशत है और वह गांव से तीन-चार किलोमीटर दूर चले गए हैं। फिलहाल मरने वालों

# इंग्लिस की पारी पर भारी पड़ा एनगिडी का 'पंजा' दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया से जीती वनडे सीरीज

**मैके, (एजेंसी)** दक्षिण अफ्रीका ने अनुभवी तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी की शानदार गेंदबाजी के दम पर टीम ने दूसरे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया को 84 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। कंगारू टीम की ओर से जोश इंग्लिस ने दमदार बल्लेबाजी की, लेकिन एनगिडी का 'पंजा' उनकी पारी पर भारी पड़ा। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.1 ओवर में 277 रन बनाए, लेकिन एनगिडी ने 42 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे ऑस्ट्रेलियाई टीम 37.4 ओवर में 193 रन पर सिमट गई।

यह लगातार चौथी बार है जब मिचेल मार्श की अगुआई वाली टीम घरेलू मैदान पर वनडे में 200 रन के अंदर ढेर हो गई है। तीन मैच की सीरीज में लगातार दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। टीम केर्न्स में पहले वनडे में 98 रन से हारी थी। चोटिल कगिसो रबाडा की अनुपस्थिति में दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम को झकझोर दिया जिसमें एनगिडी ने दूसरे ही ओवर में मार्नस लाबुशेन को आउट कर दिया।



नांद्रे बर्गर ने ट्रेविस हेड का विकेट लिया। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों का शॉर्ट गेंदों के खिलाफ जूझना जारी रहा और कप्तान मार्श भी पावरप्ले में मिडऑन पर लपके गए जिससे टीम ने 38 रन पर तीन विकेट खो दिए। जोश इंग्लिस (87 रन) और कैमरन ग्रीन (35 रन) ने 67 रन की साझेदारी निभाई। बाएं हाथ के स्पिनर सेनुरान मुथुसैमी ने 23वें ओवर में ग्रीन का रिटर्न कैच लेकर इस भागीदारी का अंत किया। एलेक्स कैरी के आउट होने से ऑस्ट्रेलिया ने 133 रन पर पांचवां विकेट गंवाया। एनगिडी ने फिर निचले क्रम को झकझोर दिया। उन्होंने इंग्लिस की पारी का अंत किया जिसमें 10 चौके और दो छक्के जड़े थे।


इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के कार्यवाहक कप्तान एडेन मार्करम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। नियमित कप्तान तेम्बा बावुमा को कार्यभार प्रबंधन के अंतर्गत आराम दिया गया था और वह सीरीज के अंतिम वनडे में टीम की अगुआई के लिए उपलब्ध होंगे। पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने मैथ्यू ब्रिट्ज्के (88 रन) और ट्रिस्टन स्टब्स (74 रन) के अर्धशतकों की मदद से चुनौतीपूर्ण लक्ष्य खड़ा किया। रेयान रिक्लेटन (08) और स्टब्स ने चौथे विकेट के लिए 89 रन की साझेदारी निभाई। मार्करम आसान कैच देकर खाता खोले बिना आउट हो गए।

ब्रिट्ज्के ने लगातार चौथा अर्धशतक लगाया, जबकि स्टब्स ने 16 वनडे में पहली बार पचास रन का आंकड़ा पार कर टीम को संभाला। ब्रिट्ज्के अपने दूसरे वनडे शतक से चूक गए। टीम ने लगातार दो विकेट गंवा दिए लेकिन फिर भी 300 रन से ज्यादा का स्कोर बनाने की ओर बढ़ रही थी। 40वें ओवर में टीम का स्कोर पांच विकेट पर 233 रन था। लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने छह ओवर के अंदर 31 रन के अंदर चार विकेट खो दिए और 46वें ओवर में स्कोर नौ विकेट पर 264 रन हो गया।

## 'लोग उन्हें सिरियसली नहीं लेते...', अक्षय कुमार को लेकर बोले फिल्ममेकर विपुल शाह



बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं. वहीं इस फिल्म मेकर विपुल शाह ने एक्टर को लेकर बड़ा बयान दिया है. विपुल शाह का मानना हैं कि अक्षय कुमार को वह क्रेडिट नहीं मिलता जिसके वे हकदार हैं. दरअसल हाल ही में एक इंटरव्यू में विपुल शाह ने अक्षय कुमार के साथ काम करने के बारे में खुलकर बात की और कहा कि अक्षय कुमार खुद नहीं जानते कि उनमें कितनी महानता है. फिल्म मेकर ने बताया कि हालांकि आलोचकों ने अक्षय को कभी महान एक्टर नहीं माना, लेकिन उनके पास देने के लिए बहुत कुछ है. गालट्टा प्लस को दिए इंटरव्यू में विपुल ने कहा, 'मेरी पहली दो फिल्मों में जब अक्षय कुमार के साथ काम कर रहा था. तब मुझे फील हुआ कि ये ऐसा एक्टर है, जिसे खुद भी नहीं पता कि वह क्या कर सकता है. लोग सिर्फ इसे एक्शन हीरो के तौर पर ही देखते थे. उस समय वह कॉमेडी फिल्में करके अपनी इमेज को बदल रहे थे लेकिन लोग उन्हें सीरियस नहीं ले रहे थे.






## Highlights

1. He wanted to rape me: Trans woman on Congress MLA accused of harassing actress Rini
2. PM Modi inaugurates projects worth ₹13,000 crore in Bihar's Gaya
3. I'm a born Congressman: Shivakumar after reciting RSS anthem in Assembly
4. Supreme Court bans public feeding of stray dogs
5. Gaming Bill to save society from money games' harmful effects: PM
6. Maoists kill man who hoisted Tricolour in Chhattisgarh village
7. Who decides which stray dog is aggressive: Maneka Gandhi on revised SC order

# 'See you in our second innings': Dream11 stops all 'paid contests' after ban

**NEW DEIHI, (Agency).** Dream11 has stopped all paid contests and pivoted entirely to a free-to-play model in the aftermath of India's newly minted online gaming law.

"We have always been and always will be a law-abiding company, and have conducted our business in compliance with the laws," Dream11 said in a post on X, formerly Twitter. "While we believe that progressive regulations would have been the right way forward, we will respect the law and will fully comply with 'The Promotion & Regulation of Online Gaming Law, 2025'."




On Friday, President Draupadi Murmu gave her assent to the Promotion and Regulation of Online Gaming Bill, 2025, to make it a law. The Lok Sabha and Rajya Sabha passed the legislation on Wednesday and Thursday respectively.

India's online gaming law prohibits promotion and operation of gaming apps that require users to pay money to win cash. While such action attracts penalty as well imprisonment, there's no punishment for those playing online money games. The move threatens India's $3.8 billion gaming industry that has drawn global investors and fostered fantasy sports apps like Dream11, Games24X7 and Mobile Premier League, among others.



# चिता की राख पर मिला सिंदूर, अंडे-शराब की बोतलें

**इंदौर। रामबाग मुक्तिधाम पर शुक्रवार सुबह जैन समाज के लोगों ने हंगामा कर दिया। आरोप है कि अस्थि संचय के दौरान जब परिवारजन मिट्टी लेने पहुंचे तो दाह स्थल पर शराब की बोतल, अंडे और सिंदूर रखा हुआ मिला। यह देखकर परिजन आक्रोशित हो गए और उन्होंने तांत्रिक क्रियाओं की आशंका जताई।**





परिवार का कहना है कि मृतक का अंतिम संस्कार गुरुवार शाम करीब 4 बजे किया गया था। शुक्रवार सुबह जब अस्थि संचय के लिए दामाद सन्नी और परिजन पहुंचे तो दाह स्थल की जगह पर 15 से 20 अंडे और शराब की बोतल रखी हुई मिली। साथ ही, सिर के हिस्से की कुछ हड्डियां भी गायब थीं। मृतक के दामाद सन्नी ने बताया कि उन्हें आशंका है कि दाह संस्कार के बाद हड्डियों का उपयोग तांत्रिक क्रियाओं में किया गया होगा। उन्होंने कहा कि यह बेहद गंभीर और संवेदनशील मामला है। घटनास्थल पर मौजूद मुक्तिधाम कर्मचारियों ने सफाईकर्मी को बुलाकर तत्काल सफाई करवाई। हालांकि, परिजनों का आरोप है कि कर्मचारियों ने पूरे मामले में संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परिजन ने कहा कि मुक्तिधाम परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी धुंधली होने के कारण स्पष्ट रूप से कुछ नजर नहीं आ रहा। परिजन प्रबंधन से साफ फुटेज उपलब्ध कराने की मांग कर रहे हैं। दामाद सन्नी का कहना है कि समाज की भावनाएं आहत हुई हैं, इसलिए इस मामले की शिकायत पुलिस से की जाएगी, ताकि भविष्य में किसी अन्य शवदाह के बाद ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।




Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.detectivegroupreport.com

यदि आप साहस और निर्भीकता के साथ 'खोजी पत्रकार' के रूप में कार्य करना चाहते है... समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार-अपराध-अव्यवस्थाओं को उजागर करना चाहते है... तो आइए हमारे समाचारपत्र/पत्रिका/न्यूज वेबपोर्टल / यूट्यूब चैनल के साथ जुड़े और 'क्राइम रिपोर्टर' के रूप में कार्य करे।

* * * * *

कृपया हमारी वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन करे। या अपना पूरा बॉयोडाटा हमें ई-मेल करे

www.detectivegroupreport.com
detectivegroupreport@gmail.com

(आपके सुझाव/लेख/न्यूज/ऑडियो-वीडियो/सूचना का सदैव स्वागत है )

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक